# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/सी–1/अंग्रेजी–संस्कृत/स्थानांतरण/ 2020–21 दिनांक– 29.09.2021 के तहत् श्रीमती मीना शर्मा व्याख्याता, अंग्रेजी का स्थानान्तरण राउमावि महुआ, सेवर, भरतपुर से श्री राम सिंह राउमावि सतवास, कामां, भरतपुर किया गया।

श्रीमती मीना शर्मा व्याख्याता, अंग्रेजी द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील सं. 5752/2021 श्रीमती मीना शर्मा बनाम सरकार व अन्य दायर की गई। जिस पर माननीय अधिकरण ने अपने आदेश दिनांक 15.11.2021 द्वारा अपीलार्थी को विभाग के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं विभाग को नियमानुसार एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

माननीय न्यायालय के निर्णय की पालना में अपीलार्थी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्थानान्तरित स्थान निवास स्थान से 70 कि.मी दूर होने, एवं थायराईड व डायबितीज ग्रसित होने के आधार पर अपना पदस्थापन मास्टर आदित्येन्द्र राउमावि भरतपुर अथवा राउमावि रा.र.ह. कुम्हेर, भरतपुर में किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई है।

अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी द्वारा धारित व्याख्याता का पद राज्य सेवा के राजपत्रित स्तर का पद है, और नियोक्ता द्वारा उन्हें छात्र हित/राज्य हित अथवा प्रशासनिक कारणों से राज्य में कहीं पर भी पदस्थापन/स्थानान्तरण किया जा सकता है। अपीलार्थी द्वारा स्थानान्तरित स्थान पर दिनांक 06.12.2021 को कार्यग्रहण कर लिया गया है। अतः इनके द्वारा की गई मांग नियमानुकूल नहीं होने के कारण इनका अभ्यावेदन एतद् द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

सभी पक्षकार सूचित हों।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/मा/संस्था/सी–1/अपील सं. 5752/मीना शर्मा/अंग्रेजी/2021 दिनांक : 25-03-22

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रस्तुत है :–

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6. विधि अनुभाग कार्यालय हाजा
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा।
8. संबंधित प्राधानाचार्य,
9. संबंधित कार्मिक
10. निजी/रक्षित पत्रावली

25/3/22

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department